**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2919**

**03 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए**

**सेल द्वारा नए बाजार खोलना**

**2919. श्री अनुराग शर्मा:**

**श्री डी.एम. कथीर आनन्द:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और सेल की अन्य सहायक कंपनियां बिक्री को बढ़ाने और ग्राहक सेवाओं के उच्च मानकों को अधिकतम करने के लिए नए बाजार खोलने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान भारत में सभी इस्पात संयंत्रों की लौह अयस्क और तैयार इस्पात, दोनों के ही संबंध में, संयंत्र-वार कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक उत्पादन, खपत और निर्यात कितना है;और

(घ) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश और तमिनलाडु में एकीकृत इस्पात संयंत्र को वित्तपोषित और विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): जी, हां। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा उत्पादित तैयार इस्पात की घरेलू बाजार में खपत होती है और अधिशेष का निर्यात किया जाता है। सेल के एक सीपीएसई होने के कारण, इसका बाजार पर फोकस है, अत: यह लगातार नए बाजार और ग्राहक सेवाओं के उच्च स्तरों कीतलाश करता रहता है। इस दिशा में की जा रही गतिविधियों में नए उत्पाद का विकास, वितरण नेटवर्क का विस्तार, देश के सुदूर क्षेत्रों के ग्राहकों से जुड़ना, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता पैदा करनाऔर परम्परागत बाजारों के अलावा देशों तक पहुंचना शामिल है।

(ग) ब्योरा निम्नानुसार है:-

(i) भारत में इस्पात संयंत्रों द्वारा क्रूड इस्पात और तैयार इस्पात की क्षमता एवं उत्पादन निम्नानुसार है:-

| उत्पादक | 2019-20 (एमटी) | | | 2020-21 (एमटी) | | | 2021-22 (एमटी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रूड इस्पात क्षमता | क्रूड इस्पात उत्पादन | तैयार इस्पात उत्पादन | क्रूड इस्पात क्षमता | क्रूड इस्पात उत्पादन | तैयार इस्पात उत्पादन | क्रूड इस्पात क्षमता | क्रूड इस्पात उत्पादन | तैयार इस्पात उत्पादन |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड(सेल) | 19.63 | 16.16 | 12.44 | 19.63 | 15.21 | 11.09 | 20.63 | 17.36 | 13.83 |
| राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) | 6.30 | 4.75 | 3.59 | 6.30 | 4.30 | 2.69 | 6.30 | 5.27 | 3.75 |
| टाटा स्टील लिमिटेड(टीएसएल) ग्रुप | 19.40 | 18.53 | 18.69 | 19.40 | 17.20 | 16.56 | 20.60 | 19.46 | 18.74 |
| आर्सेलरमित्तलनिप्पल स्टील (एएम/एनएस) | 10.00 | 7.12 | 7.02 | 10.00 | 6.70 | 6.61 | 9.60 | 7.29 | 7.22 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड | 18.00 | 15.97 | 15.08 | 18.00 | 14.78 | 14.05 | 23.00 | 18.02 | 16.37 |
| जिंदल स्टील एडं पॉवर लिमिटेड (जेएसपीएल) | 8.60 | 5.86 | 4.48 | 8.60 | 6.86 | 4.34 | 8.10 | 7.46 | 5.15 |
| अन्य | 60.37 | 40.75 | 41.34 | 61.98 | 38.49 | 40.87 | 65.83 | 45.42 | 48.54 |
| **कुल** | **142.30** | **109.14** | **102.62** | **143.91** | **103.54** | **96.20** | **154.06** | **120.29** | **113.60** |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति(जेपीसी);एमटी=मिलियन टन; | | | | | | | | | |

(ii) तैयार इस्पात और लौह अयस्क की खपत, उत्पादन और निर्यात:

| वर्ष | तैयार इस्पात | | लौह अयस्क | |
|---|---|---|---|---|
| | खपत (एमटी) | निर्यात (एमटी) | उत्पादन (एमटी) | खपत (एमटी) |
| 2019-20 | 100.17 | 8.36 | 244.08 | 36.62 |
| 2020-21 | 94.89 | 10.78 | 204.48 | 57.72 |
| 2021-22 | 105.75 | 13.49 | 254.33 (अनंतिम.) | 26.52 |
| स्रोत: तैयार इस्पात के लिए संयुक्त संयंत्र समिति, (जेपीसी), लौह अयस्क उत्पादन के लिए आईबीएम, निर्यात के लिए डीजीएफटी;एमटी=मिलियन टन; | | | | |

(घ) इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और वाणिज्यिक निर्णय अलग-अलग कंपनियों एवं सीपीएसई द्वारा लिए जाते हैं। सरकार एकीकृत इस्पात संयंत्रों की स्थापना हेतु निधि प्रदान नहीं करती है।

*****